प्रादेशिक समाचार

दिनांक–14.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने झारखंड में खरीफ फसलों की बीमा के लिए 30 सितंबर तक बढ़ाई तिथि, रांची हजारीबाग, खूंटी समेत 11 जिलों में चलेगा विशेष अभियान।
2. केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा–पहले आयकर स्लैब में छूट और अब जीएसटी दरों में कटौती कर केंद्र सरकार ने एक साल में दो बजट की दी सौगात, जनता को मिलेगी राहत।
3. राष्ट्रीय लोक अदालत में राज्यभर में 20 लाख से अधिक मामलों का हुआ निपटारा, लगभग नौ अरब चौबीस करोड़ के विवाद में हुआ समझौता।
4. हिंदी दिवस आज, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुजरात में अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन, राजधानी रांची समेत राज्यभर में हिंदी पखवाड़ा सहित कई कार्यक्रमों की तैयारी।
5. रांची में आयोजित सीआईएससीई नेशनल हॉकी टूर्नामेंट के बालिका वर्ग में कर्नाटक और बालक वर्ग के अंडर 14 में ओडिशा तथा अंडर–17 और अंडर–19 में नॉर्थ इंडिया की टीम चैंपियन।

********************

झारखंड के किसान अब 30 सितंबर तक खरीफ फसलों का बीमा करा सकेंगे। इसे लेकर राज्य सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने सहमति दे दी है। फसल बीमा को लेकर राज्य के 11 जिलों में विशेष अभियान चलाया जायेगा। इनमें रांची, हजारीबाग, जामताड़ा, रामगढ़, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, लोहरदगा, खूंटी, सरायकेला–खरसावां, सिमडेगा और गुमला शामिल है। बता दें कि पांच जिलों को छोड़कर राज्य के शेष जिले फसल बीमा में लक्ष्य से पीछे रह गए थे। 60 फ़ीसदी से कम लक्ष्य प्राप्त करने वाले जिलों के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि केंद्र सरकार ने पहले बजट में 12 लाख रुपये तक आय पर टैक्स छूट और अब 22 सितंबर से जीएसटी दरों में कटौती की घोषणा की है। इससे आम लोगों को सीधे राहत मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री कोडरमा के झुमरीतिलैया में जीएसटी और स्वदेशी को लेकर आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित कर रही थीं। कोडरमा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अलग–अलग सामाजिक संगठनों के लोग भी शामिल हुए।

********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो बेंगलुरु में आयोजित 11 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ, इंडिया रीज़न कॉन्फ़्रेन्स में शामिल हुए। तीन दिवसीय इस सम्मेलन में उन्होंने विधायी संस्थाओं में संवाद और चर्चा विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

********************

राज्य की सभी अदालतों में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से 20 लाख इकसठ हजार से अधिक मामलों का निष्पादन किया गया। इस दौरान 9 अब 24 करोड़ रुपए का सेटलमेंट भी किया गया। इन मामलों के निष्पादन के लिए राज्य में 288 पीठों का गठन किया गया था। इससे पहले झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद ने ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन किया।

********************

कोडरमा नगर पंचायत के वार्ड नंबर–1 फुलवरिया गांव में पहली बार बिजली पहुंची है। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित यादव और जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव सहित जिले के अधिकारियों ने सामूहिक रूप से ट्रांसफार्मर से लाइन चालू कर गांववालों को बिजली की

सौगात दी। इस मौके पर कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि फुलवरिया गांव में बिजली के बाद अब सामूहिक प्रयास से सड़क पानी और आंगनवाड़ी की समस्याों को भी दूर किया जायेगा।

********************

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज, हिंदी दुनिया की सबसे ज़्यादा बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और 52 करोड़ से ज़्यादा लोगों की पहली भाषा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुजरात के गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में पाँचवें अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इधर राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज से हिंदी पखवाड़ा सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

********************

केंद्र सरकार ने भागलपुर–दुमका–रामपुरहाट रेलवे लाइन के दोहरीकरण को मंजूरी दी है। इससे कई इलाके के लोगों को फायदा मिलगा।

********************

देवघर जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने एनएच 133–चौपामोड़ से हसंडीहा सड़क निर्माण औऱ देवघर से मधुपुर फोरलेन के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान भूमि हस्तांतरण, भू–अर्जन और म्यूटेशन से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर दिशानिर्देश जारी किया गया।

********************

गुमला जिला मुख्यालय के डीएवी स्कूल मोड़ के पास जिला परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान नियम का उल्लंघन करनेवाले एक सौ दस से अधिक लोगों से एक लाख चौंतीस हजार का जुर्माना वसूला गया।

********************

पलामू जिले की छतरपुर पुलिस ने सीएसपी बैंक लूटने की योजना बनाते चार लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो सीएसपी बैंक लूटकांड का खुलासा कर लिया है। इनके पास से देशी कट्टा, रिवालवर, दो गोली, लूटा हुआ लैपटॉप, मोबाइल, एक स्कूटी और चार वॉकी–टॉकी बरामद किया गया है।

********************

खरसावां थाने की पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देशी कट्टा, चार गोली, एक मोबाइल और एक मोटरसाइकिल बरामद किया गया है।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज जिउतिया का त्यौहार मनाया जा रहा है। इस दौरान महिलायें संतान की लंबी आयु के लिए निर्जला उपवास रखेंगी।

********************

राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम और बरियातू ग्राउंड में आयोजित सीआईएससीई नेशनल हॉकी टूर्नामेंट का समापन हो गया। फाइनल मुकाबलों के बालिका श्रेणी के सभी आयु वर्ग में कर्नाटक जबकि बालक वर्ग के अंडर–14 में ओडिशा और अंडर 17 तथा अंडर –19 में नॉर्थ इंडिया की टीम ने चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया गया।

********************

टी–ट्वेंटी एशिया कप क्रिकेट में आज दुबई में ग्रुप–ए के मैच में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा।

********************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां–</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मणिपुर दौरे और रिम्स जीबी की बैठक की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है—हिंसा के बाद पहली बार पहुंचे पीएम, 73 सौ करोड़ की दी सौगात।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं—रिम्स में तृतीय वर्ग में नियुक्ति के लिए अब होगी लिखित परीक्षा।

प्रभात खबर और दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा 16 सितंबर को नियुक्ति पत्र बांटे जाने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी प्रधानमंत्री के मणिपुर दौरे की खबर को प्रमुखता दी है।

********************